हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)

Circular No:- BSEH/HOS/2026/03 Date:- 08 -04-2026

प्रैस–नोट

सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी (मु0वि0) फरवरी/मार्च 2026 में फ्रैश श्रेणी हेतु अपीयर हुए परीक्षार्थियों की द्वितीय वार्षिक परीक्षा हेतु निम्न शैड्यूल अनुसार बोर्ड की वैबसाईट WWW.bseh.org.in पर ऑन–लाईन आवेदन कर सकते हैं :–

सैकेण्डरी	तिथि	फ्रैश श्रेणी हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क
बिना विलम्ब शुल्क	08.04.2026 से 12.04.2026	1250/रू0
सीनियर सैकेंडरी	तिथि	फ्रैश श्रेणी हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क
बिना विलम्ब शुल्क	08.04.2026 से 12.04.2026	1300/रू0

इस परीक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बिन्दु निम्न प्रकार से है:–

1. इस परीक्षा के लिए ऐसे सभी परीक्षार्थी जो सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी (मु0वि0) फरवरी/मार्च 2026 में फ्रैश श्रेणी हेतु अपीयर हुए, परन्तु अपनी दी गई परीक्षा से संतुष्ट नहीं है, ऐसे सभी परीक्षार्थी द्वितीय वार्षिक परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं।

2. इसके अतिरिक्त अपरिहार्य कारणों जैसे– गंभीर बिमारी/चोट/खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता इत्यादि परिस्थितियों के कारण यदि कोई परीक्षार्थी वार्षिक परीक्षा में प्रविष्ट नहीं हो सका है, तो ऐसे परीक्षार्थी बोर्ड कार्यालय मे सम्पर्क करते हुए निर्धारित शुल्क आफलाईन तथा सम्बन्धित दस्तावेज जमा करवाते हुए द्वितीय परीक्षा में शामिल हो सकते है।

3. सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी (मु0वि0) फरवरी/मार्च 2026 में फ्रैश श्रेणी हेतु अपीयर हुए परीक्षार्थी ही एक से तीन विषयों का आवेदन फॉर्म भर सकता है अगर कोई परीक्षार्थी वार्षिक परीक्षा में सभी विषयों की परीक्षा में अनुपस्थित रहा है, फिर भी उसके द्वारा आवेदन किया जाता है तो ऐसे परीक्षार्थी का आवेदन फार्म अयोग्य मानते हुए रद्द किया जाएगा एवं इसके लिए पूर्णतया परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेवार होगा।

ऑनलाईन आवेदन करते समय किसी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु हैल्पलाईन नं0 01664–254300 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

हस्ता0
उप–सचिव (मु0वि0)